## गोला में किसान मेला का आयोजन

गोला (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय परिसर में शुक्रवार को किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक ममता देवी शामिल हुईं। इस आयोजन में किसानों को कृषि उपकरण, अबुआ आवास योजना के लाभुकों को स्वीकृति पत्र, बागवानी स्वीकृति पत्र, व्हीलचेयर और पशुधन योजना के तहत बकरी का वितरण किया गया। विधायक ने किसानों द्वारा लगाये गये फसलों की स्टॉल को देख उनकी मेहनत की सराहना की और कृषि के क्षेत्र में नयी संभावनाओं पर चर्चा की। मौके पर बीडीओ सुधा वर्मा, उपप्रमुख विजय ओझा आदि थे।

## पतरातू में 11:00 बजे दिन से शाम 5:00 बजे तक बिजली नहीं रहेगी

पतरातू (आजाद सिपाही)। बिजली विभाग के द्वारा एनसीबी में तकनीकी वर्क के कारण पतरातू क्षेत्र में सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक बिजली बाधित रहेगी।

### सहिया सम्मेलन का आयोजन, उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित

# समाज के विकास में आप सभी का योगदान बहुत महत्वपूर्ण: ममता

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल के सभागार में शनिवार को सहिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। राज्य में सहिया जो अग्रणी स्वास्थ्य प्रहरी के रूप में कार्य कर रही है और जो स्वास्थ्य विभाग की आधार स्तंभ मानी जाती हैं। उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानीत किया गया। साथ ही सीएचओ, बीटीटी और एसटीटी को भी सम्मानीत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक ममता देवी, सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने संयुक्त रूप से



दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन आरती वर्मा और बीटीटी कंचन पाठक ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ममता देवी ने सहियाओं द्वारा किये जा रहे हैं कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाज के विकास में आप सभी का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। मौके पर उन्होंने राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे हैं विकासात्मक कार्यों को लेकर भी सभी को जानकारी दी और निरंतर इसी तरह कार्य करने की शुभकामनाएं दी।

**ये थे उपस्थित:** इस अवसर पर जिप अध्यक्ष सुधा देवी और उपाध्यक्ष रीता देवी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ तुलिका रानी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज, उपधीक्षक सदर अस्पताल डॉ ठाकुर मृत्युजंय कुमार सिंह, पदाधिकारी दंत चिकित्सक पदाधिकारी डॉ नितेश कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक विजय कुमार, रंजीत कुमार सिंह, सुनिल कुमार मधुकर, विनय कुमार शर्मा, बिमल केशरी, सभी एसटीटी और बीटीटी उपस्थित थे।

### हजारीबाग में रामनवमी की अलग है पहचान

# महावीरी पताकों से पट गया शहर झांकियों की तैयारी अंतिम चरण में

दीपक सिंह

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग के रामनवमी को इंटरनेशनल रामनवमी यूं ही नहीं कहा जाता। यहां के लाखों रामभक्त 36 घंटे से भी ज्यादा वक्त सड़क पर उतर श्री राम और वीर बजरंग बली हनुमान का जयकारा करते हैं। इसकी तैयारी भी अब अंतिम चरण में है। पूरे शहर को महाबिरी झंडा से पाट दिया गया है। रामनवमी महासमिति और रामभक्त निस्वार्थ भाव से - इंटरनेशन रामनवमी को- एतिहासिक बनाने में लगे है। देश भर में जुलूस नवमीं को निकलती है और सब जगह जब संपन्न हो जाता है तो हजारीबाग में दशमी को जुलूस निकलता है और ग्यारहवीं को संपन्न होता है। जय श्रीराम के घोष से पूरा हजारीबाग गूंज उठता है। जुलूस में शहर के बाहर की भी झांकियां शामिल होने आती है। झांकियों से पूर्व यहां झंडा शामिल होने आता था। आज शहर में आने वाले झांकियों की संख्या 100 से अधिक हो गयी है। जुलूस में शक्ति प्रदर्शन करने की



भी एक परंपरा रही है। हाथ में पारंपरिक हथियार, डंडा, लाठी के साथ युवक सड़क पर उतरते हैं, एक से बढ़कर एक कलाबाजी दिखाते हैं। हजारीबाग के राम भक्त होली के बाद से ही इसकी तैयारियां शुरू कर देते हैं। जिला प्रशासन और राम भक्त दोनों अपने-अपने तरीके से तैयारी करते हैं। एक ओर जिला प्रशासन डीसी और एसपी के नेतृत्व में पूरे जिले में शांति समिति की बैठक कर लोगों से शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में रामनवमी मनाने को कह रहा। वहीं दूसरी ओर रामनवमी महासमिति भी अपने तरीके से तैयारी में लगा है। होली के बाद से आने वाले पहले मंगलवार से ही पूरे शहर में मंगला जुलूस निकाला जाता है, जो नवमी से पहले आने वाले सभी मंगलवार को मंगला पूरे गाजे बाजे के साथ निकलता है। विभिन्न चौक चौराहों का नामांकरण भी पुरानों में दर्ज उल्लेख विभिन्न एतिहासिक गढ़ के नाम से किया गया है। लोगों पर रामनवमी का भाव खुमार मार रहा है। कोई भगवा गमछी ओढ़े दिख रहा है तो कोई हाथों में महावीरी झंडा लेकर घूम रहा है। हजारीबाग रामनवमी जुलूस का मार्ग भी सुनिश्चित रहता है। सारे झांकियां शहर में लगभग 8 किलोमीटर का जुलूस मार्ग तय करते हैं जो झंडा चौक, बड़ा अखाड़ा, महावीर स्थान चौक, ग्वाल टोली होते हुए जामा मस्जिद रोड से गुजरते है। इस दौरान जय श्रीराम के घोष से पूरा हजारीबाग गूंज उठता है।

## शराबी पति ने लोहे की छड़ से मारकर की हत्या

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू थाना अंतर्गत न्यू मार्केट पानी टंकी स्थित शराब के नशे में शराबी पति ने अपनी पत्नी की लोहे की रड से मारकर निर्मम तरीके हत्या कर दी। जानकारी अनुसार संतोष भुइंया ग्राम पतरातू न्यू मार्केट पानी टंकी का रहने वाला है जो शराब के नशे में चूर होकर अपने घर आकर पत्नी से खाना परोसने को कहा लेकिन पत्नी सुनीता देवी जो किसी कारणवश समय पर पति को खाना नहीं दिया गया, जिससे शराबी पति को गुस्से आ गयी और पति पत्नी के बीच हुई नोंक-झोंक में शराबी पति ने अपनी पत्नी को लोहे की रड से मारकर निर्मम तरीके से हत्या कर दी गयी, जिससे घटनास्थल पर ही पत्नी सुनीता देवी की मौत हो गयी। जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोग एकत्रित हो गये जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से शराबी पति को पकड़ा गया और पतरातू पुलिस को सूचना दी गयी, सूचना मिलते ही पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता घटनास्थल पहुंचकर आरोपी पति को गिरफ्तार कर पतरातू थाना लाया गया, साथ ही जांच पड़ताल कर शव को पुलिस अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजने की प्रक्रिया में जुटी हुई है।

## सांसद मनीष ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास



कुजू (आजाद सिपाही)। हजारीबाग भाजपा सांसद मनीष जायसवाल ने शनिवार को श्रीराम चौक कुजू के पास 41 लाख रुपये की लागत से डीएमएफटी फंड के तहत कुजू पूर्वी न्यू कॉलोनी हनुमान मंदिर चौक तक निर्माण होने वाले पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। इस अवसर पर शिलापट्ट का अनावरण और नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। मौके पर सांसद ने कहा कि जनता के विकास के लिए मैं हर कदम पर खड़ा हूं। जनता की बदौलत ही आज मैं सांसद बनकर उनके समस्याओं का समाधान कर पा रहा हूं। मौके पर मांडू विधायक, प्रवीण मेहता, सत्येंद्र नारायण सिंह, प्रो खिरोधर प्रसाद साहू, संजय साहा, अशोक कुमार, कुजू पूर्वी मुखिया ललिता देवी, पश्चिमी मुखिया जयकुमार ओझा, दक्षिणी मुखिया राकेश मेहता रॉक, निर्मल करमाली, तोकेश सिंह, अशोक कुमार, रतन प्रसाद साहू, रवि साहू समेत कई लोग शामिल रहे।

## जिला विद्यालय में परीक्षाफल का हुआ प्रकाशन

चतरा (आजाद सिपाही)। चतरा जिला मुख्यालय स्थित जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में शनिवार को कक्षा केजी से 11 वीं तक की परीक्षाफल का प्रकाशन किया गया। मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ उनके अभिभावक भी मौजूद थे। छात्र-छात्राओं के बीच विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश लाल गुप्ता सहित अन्य शिक्षकों ने परीक्षाफल का वितरण किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक सतीश लाल गुप्ता ने कहा कि परीक्षा में कुछ छात्र छात्राओं का परिणाम काफी सराहनीय रहा है जो प्रशंसा के पात्र हैं वहीं कुछ का परिणाम औसत रहा है उनके लिए संबंधित विषय के शिक्षकों को रेमेडियल क्लास देने पर जोर दिया। ताकि छात्र अधिक लगन और मेहनत से पढ़ाई करें और आने वाले परीक्षाओं का परिणाम बेहतर करें। जबकि जिनका परिणाम खराब रहा है वैसे छात्र छात्राओं के अभिभावकों के साथ भीएमसी कि मीटिंग बुलाकर उनके परिणाम को बेहतर बनाने के लिए अभिभावकों से सुझाव लेने और देने का प्रयास पर बल देने की बात उन्होंने कहा। इस दौरान केजी से लेकर आठवी तक के 40 40 तथा नवम के 114, ग्यारहवीं विज्ञान के 110, आर्ट्स के 41 और कॉमर्स के 11 छात्रों का परीक्षाफल का वितरण किया गया। मौके पर शिक्षक कुमार चंदन, अजित कुमार मिश्र, मंटू प्रजापति, पूजा कुमारी, अनुपमा सिंह, शशिबाला कुमारी, अनिल कुमार मिश्र, सिद्धनाथ प्रसाद, दीपक कुमार पांडेय, दीपक कुमार, प्रमोद प्रसाद सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# अवैध कोयला कारोबार पर बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में कोयला जब्त

- छह हाइवा अवैध कोयला को किया गया जब्त
- गोला के बड़का जारा में हो रहा था कोयला का करोबार
- सोशल मीडिया में वायरल फोटो के बाद खनन अधिकारी ने मारा छापा

आजाद सिपाही संवाददाता

गोला। गोला के बड़का जारा में अवैध कोयला कारोबार का भंडाफोड़ किया गया है। शुक्रवार को जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक ने अवैध रूप से बनाये गये खदान में गोला पुलिस की मदद से छापामारी किया।

छापामारी टीम में शामिल खदान को देख कर दंग रह गये। यहां बड़े-बड़े पोप्लेन लगाकर जंगल में खदान बनाकर कोयला खनन किया जा रहा था। इतना ही नहीं ट्रेक्टर और हायवा के माध्यम से दिन दहाड़े आस पास के प्लांट के साथ बाहर के मंडियो में भेजा जा रहा था। टीम को देख कर वहां मौजूद कोयला चोर जंगल के रास्ते भाग गये। बताया गया की टीम को कोयला तस्करी का जो नजारा यहां दिखायी दिया उस तरह का नजारा कहीं भी दिखायी नहीं दिया था। सूत्रों के अनुसार करीब छह हाइवा अवैध कोयला को जब्त किया गया है। हलांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है। छापामारी के बाद शाम को थाना में पैरवी कारों का आना जाना शुरू हो गया था। खबर लिखे जाने तक थाना में मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही थी।

बड़का जारा के जंगल में अवैध कोयला कारोबार का फोटो सोशल मीडिया में शनिवार सुबह से ही वायरल हो रहा था। स्थानीय लोग जंगल में अमित खनन करने के खिलाफ थे। कुछ दिन पूर्व स्कूल के निकट रास्ते पर गड्ढा खोद कर इसका विरोध भी किया था।

### गोला पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे हैं सवाल



बड़का जारा के जंगल में बड़े पैमाने पर अवैध कोयला का कारोबार पिछले कई महीनो से किया जा रहा था। कई बार विवाद हुआ सोशल मीडिया पर भी कारोबार का फोटो वायरल किया गया। उसके बाद भी गोला पुलिस के द्वारा किसी तरह का कोई कार्रवाई नहीं किया गया। जिससे गोला पुलिस के खिलाफ स्थानीय लोगों में रोष है। कई लोगों ने बताया कि गोला पुलिस के संरक्षण में ही अवैध गोला का कारोबार किया जा रहा था।

# रक्तदान शिविर का आयोजन

> इस अवसर पर 70 अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने कुल 70 यूनिट रक्तदान किया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। जिंदल परिसर पतरातू में बाउजी ओपी जिंदल की पुण्य स्मृति में रिम्स रांची और जिंदल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 70 अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने कुल 70 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का संचालन रिम्स रांची के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा किया गया। जिसमें डॉ. चंद्र भूषण



और डॉ. गौर चंद्र सहित अन्य विशेषज्ञ शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान 'रक्तदान महादान' के संदेश को व्यापक रूप से प्रचारित किया गया, जिससे लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ी। कहा गया कि जिंदल फाउंडेशन सदैव समाज सेवा के प्रति समर्पित रहा है और इसी कड़ी में इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक पुण्य कार्य है, जिससे कई जीवन बचाये जा सकते हैं। इस अवसर पर कार्यकारी प्लांट प्रमुख कृष्ण बल्लभ सिंह और एचआर प्रमुख सतीश कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और इस नेक कार्य में भागीदारी के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। आयोजन की सफलता पर सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकों और सहयोगियों का धन्यवाद किया गया और भविष्य में भी ऐसे समाजसेवी कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया गया।

## ट्रेन की चपेट में आने से मजदूर की मौत



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। टाटीझरिया प्रखंड के डुमर पंचायत अंतर्गत बेड़म के रानीगंज टोला निवासी बिमल भुइयां (25 वर्ष) पिता बासुदेव भुइयां की मौत मुंबई में ट्रेन से कटकर हो गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिमल भुइयां मुंबई में पिछले कई वर्षों से एक होटल में रहकर मजदूरी करता था। वह होटल का सामान लाने पनवेल गया था। वहां से लौटने के क्रम में वह रेलवे पटरी पार कर रहा था तभी एक ट्रेन की चपेट में आ गया और उसके शरीर तीन टुकड़े में विभक्त हो गया। दुर्घटना के बाद उसके शव को थाने में रखा गया। उसकी पहचान होने के बाद गांव में सूचना भेजी गयी। वहां से उनके साथी मुंबई मेल से शव को घर ला रहे हैं। शव रविवार को गांव पहुंचेगा। गांव में उसके माता-पिता और तीन भाई हैं। वह अविवाहित था। उसकी मौत की सूचना के बाद गांव में मातम छा गया है। बता दें कि क्षेत्र के प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला लगातार जारी है। स्थानीय स्तर पर रोजगार की उपलब्धता नहीं रहने के कारण युवक पलायन करने के लिए विवश होते हैं।

## भजन गायिका शहनाज अख्तर 3 अप्रैल को हजारीबाग में सुरों की तान बिखेरेंगी



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग में रामनवमी का सुमार अब लोगों के सर चढ़ कर बोल रहा है। पूरा शहर भक्ति के सागर में गोता लगा रहा है। इसी कड़ी में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के द्वारा 3 अप्रैल को गांधी मैदान, मटवारी में भव्य श्री राम उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दिव्य आयोजन में सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर अपनी सुरीली भजनों की प्रस्तुति देंगी। उनके साथ राहुल सिंह, पायल बनारसी और अन्य कलाकार भी इस भक्ति संध्या में अपनी प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम को और अधिक भव्य बनाने के लिए लेजर शो का भी आयोजन किया गया है, जो भक्तों को दिव्य अनुभव करायेगा। यह कार्यक्रम 3 अप्रैल को संध्या 5 बजे से प्रारंभ होकर देर रात तक चलेगा, जिसमें झारखंड के कई सांसद और विधायक की भी उपस्थिति रहेंगे। वहीं 4 अप्रैल को संध्या 4 बजे से बुढ़वा महादेव परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की रामनवमी हमारे लिए केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह हमारे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का प्रतीक है। मीडिया को संबोधित करते हुए सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की हजारीबाग की रामनवमी अपनी भव्यता और धार्मिक उत्साह के लिए विश्व विख्यात है। मैंने सदन पटल पर भी रामनवमी को महोत्सव का दर्ज देने की मांग की है। मौके पर जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, भाजपा ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, रामनवमी महासमिति अध्यक्ष बसंत यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता केपी ओझा, हरिश श्रीवास्तव, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, दिनेश सिंह राठौर, टौनी जैन, युवा मौर्चा अध्यक्ष राजकरण पांडेय, कुणाल दुबे, रामनवमी पूर्व महासमिति अध्यक्ष अनमोल साव, राजेश यादव आदि उपस्थित थे।

# संसद ने 31 अखाड़ों को दिया अस्त्र-शस्त्र

आजाद सिपाही संवाददाता

चरही। हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के चुरचू प्रखंड अंतर्गत नव दुर्गा पूजा मंडप प्रांगण बाजार टांड चरही में मनीष जायसवाल के नेतृत्व में भाजपा चुरचू मंडल अध्यक्ष शशि कुमार साहू कि अध्यक्षता में हजारीबाग सांसद मनिष जयसवाल के हाथों प्रखंड क्षेत्र के 31 अखाड़ों को रामनवमी शोभा यात्रा में कलाबाजों को अपनी कला दिखाने और शोभा बढ़ाने हेतु पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र का अखाड़ों के बिच वितरण किया गया। अस्त्र शस्त्र वितरण कार्यक्रम





के समय उपस्थित विभिन्न अखाड़ों के अध्यक्ष और वरिष्ठ कार्यकर्ता और हजारीबाग सांसद प्रतिनिधि सत्येन्द्र सिंह, रामगढ़ सांसद प्रतिनिधि राजीव जयसवाल उपस्थित रहे। मौके परद्वारिका सिंह, मुरारी सिंह, बिहारी महतो, प्रविल महतों, रमेश करमाली, महादेव विश्वकर्मा, रोहित कुमार महतों, राकेश कुमार सिंह, कामख्या भगत, पारस महतों, सतेन्द्र सिंह, गब्बर सिंह, मनिंदर सिंह, राजीव राम, सुमित सिंह, रूपलाल यादव, डोमन साव, दुर्गेश सिंह, आसुतोष राम, संदीप कुमार, सतिश कुमार साहू, ललन कुमार शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे ।

## व्यवहार न्यायालय में 16 मामलों का हुआ निष्पादन

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान 16 मामलों का निष्पादन समझौते के आधार पर किया गया। इन मामलों में 23.39 लाख रुपये समझौता राशि तय की गयी। उच्च न्यायालय के जस्टिस सह जोनल जज दीपक रौशन ने रामगढ़ व्यवहार न्यायालय का औचक निरीक्षण किया। लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का त्वरित और सौहार्दपूर्ण समाधान किया गया। इससे सरकार को 23 लाख 39000 की राजस्व की प्राप्ति हुई। इस अवसर पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजय कुमार ने कहा कि पारिवारिक मामलों का समाधान आपसी समझौते से ही संभव है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत एक प्रभावी मंच है, जहां बिना लंबी कानूनी प्रक्रिया के शीघ्र और सौहार्दपूर्ण समाधान प्राप्त किये जा सकते हैं। उन्होंने दोनों पक्षों को आपसी सहमति और सौहार्दपूर्ण व्यवहार अपनाने की सलाह दी। लोक अदालत में न्यायिक पीठ का गठन किया गया था। बेंच नंबर एक में पारिवारिक विवादों का निपटारा हुआ।

### रामगढ़ थाने का एसपी ने किया निरीक्षण

# पुराने मामलों का जल्द निष्पादन करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। एसपी अजय कुमार शनिवार को रामगढ़ थाने का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वर्ष 2019 से 2024 तक लंबित कई कांडों को देखा और तत्काल निष्पादित करने का निर्देश दिया। रामगढ़ थाने पहुंचे एसपी को सबसे पहले गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद एसपी ने प्रतिनियुक्ति पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों का टर्न आउट चेक किया। सभी का टर्न आउट उच्च कोटि का था।

**घाटी में दुर्घटना पर लगे लगाम, वीआइपी गतिविधि पर रखे नजर** : निरीक्षण के दौरान एसपी अजय कुमार ने रामगढ़ थाना प्रभारी को चुटूपालू घाटी में सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने को कहा। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग लगातार होना चाहिए। जिला परिवहन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर आवश्यक स्थान पर साइन बोर्ड लगने चाहिए। साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से वीआइपी गतिविधि पर नजर रखी जानी चाहिए। उन्होंने थाना क्षेत्र में आपराधिक गिरोह पर भी लगाम लगाने का निर्देश दिया। जुलूस में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए।



### रामगढ़ थाना भवन की मरम्मती का दिया निर्देश

एसपी ने रामगढ़ थाना प्रभारी और थाने में प्रतिनियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारी के समक्ष निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने जर्जर भवन को मरम्मत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छत की गिरती सीलिंग से कभी भी हादसा हो सकता है। इस दौरान थाना भवन, शौचालय, चारदिवारी, संतरी पोस्ट, सरकारी संपत्ति, स्वीकृत बल, विस्फोटक अधिनियम, आयुद्ध और गोली बारूद भंडार, उत्पाद शुल्क और अफीम अधिनियम के अधीन अनुज्ञप्ति प्राप्त कारखाने, दुकानों की सूची, लंबित कांडों की सूची, मुख्य हाट, बाजार, मेला की सूची, ग्राम पंचायत के मुखिया, सरपंच और प्रखंड समिति की सूची, निगरानी में रखे गये दागियों की सूची, सीमावर्ती अपराध आंकड़ा और अपराधियों की सूची, अपराध मानचित्र, पदाधिकारी और कर्मियों का कार्य विवरणि तालिका, अपराधी निर्देशिका का अवलोकन उन्होंने किया। साथ ही मालखाना पंजी, डकैती पंजी, लूट पंजी, गुंडा पंजी, फरारी पंजी, हाजत पंजी, शास्त्र पंजी की भी समीक्षा की गयी। इस दौरान पाये गये त्रुटियों को दूर करने का निर्देश दिया गया।

### रामनवमी के दौरान रखें सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

एसपी अजय कुमार ने कहा कि रामनवमी के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हो जाने चाहिए। ईद, सरहुल और रामनवमी में बड़े पैमाने पर लोग सड़कों पर निकलेंगे। कई स्थानों पर बैरिकेडिंग की आवश्यकता है। जुलूस के रूट का सत्यापन बेहद जरूरी है। भड़काऊ गाने पर प्रतिबंध है, इसलिए डीजे मालिकों को भी नोटिस किया जाना चाहिए।

# ईद को लेकर सज गयी सेवई की दुकानें

आजाद सिपाही संवाददाता

मरकच्चो। रमजान माह में प्रखंड से लेकर ग्रामीण इलाकों के चौक चौराहों पर सजी सेवइयों की दुकानें बरबस ही लोगों को आकर्षित कर रही हैं। बाजारों में दुकानों पर सेवई खरीदने वाले दिल खोलकर खरीदारी कर रहे हैं। रमजान माह में सेवई खाने की परंपरा होने कारण इसका अलग ही स्थान है। मरकच्चो प्रखंड के बंधन चौक, मरकच्चो बाजार, ब्लॉक चौक, जामु, नावाडीह1, महूंगाय, दरदाही, मरकच्चो बाजार में दुकानों पर सेवईं खरीदने वालों की भीड़ देखी जा रही है। सेवईं की दुकान लगाने वाले स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि अब ग्राहक बाहर से आने वाली



सेवइयों को ज्यादा पसंद करते हैं। पटना, आसनसोल, कानपुर, दिल्ली और वाराणसी से आने वाली सेवई की बाजार में काफी मांग है। बाहर से आने वाली सेवई का स्वाद अच्छा होता है। बनाने का तरीका आसान होने से ग्राहकों की वो पहली पसंद हैं। खूबसूरत डिब्बों में पैक बनारसी सेवईं 150 रुपये किलो से लेकर 250 रुपये किलो तक बाजारों में उपलब्ध है। लच्छा सेवई 120 रुपये से 400 रुपये तक बिक रही हैं। सेवई कारोबारी भाई ने बताया कि ईद नजदीक आ गयी है। बाजार में सेवई की बिक्री बढ़ गयी है। रमजान में लोग सिर्फ अपने ही इस्तेमाल के लिए नहीं बल्कि अगल-बगल और गरीब-गुरबों को देने के लिए भी खूब सेवइयां खरीद रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कपड़े, जूते चप्पल, टोपी और इत्र की दुकानों पर भीड़ देखी जा रही है।

## कल्याण अस्पताल बसारडीह में प्याऊ जल का शुभारंभ



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कल्याण अस्पताल बसारडीह हेसल में राष्टीय स्वयंसेवक संघ सेवा विभाग के द्वारा स्वच्छ प्याऊ जल का शुभारंभ किया गया। इस बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक समी कुमार के द्वारा नारियल तोड़कर प्याऊ जल का शुभारंभ किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए सेवा विभाग के द्वारा एक सेवा का प्रकल्प प्रारंभ किया गया है। हमारे सनातन परंपरा में प्यासे को पानी भूखे को भोजन, वृक्ष को जल, चींटी को चीनी, देने की परंपरा रही है और यह पुण्य का काम है। इसी परंपरा का पालन करते हुए राहगीरों एवं रोगियों के परिजनों के लिए प्याव जल का शुभारंभ किया गया। इस बीच उपस्थित विभाग प्रचारक समी कुमार, जिला प्रचारक दीपक कुमार, जिला सह कार्यवाह देवेंद्र मंडल, जिला सेवा प्रमुख प्रणव पाठक, जिला शारीरिक टोली सदस्य मिथुन तमेड़ा , बजरंग दल प्रखंड सयोजक मिथलेश प्रजापति, एवीबीपी के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अभिषेक मिश्रा, बजरंग दल कार्यकर्ता पिंकू प्रजापति समेत अस्पताल के सभी डॉक्टर, सिस्टर आदि उपस्थित थे।

### 'ईद-उल-फितर और रामनवमी' को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक

# आपसी सद्भाव, शांति और भाईचारा के साथ मनायें ईद और रामनवमी त्योहार : उपायुक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** 'ईद-उल-फितर-2025 और रामनवमी-2025' को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सभी प्रखण्डों से आये शांति समिति के सदस्यों द्वारा अपने-अपने प्रखंड क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया गया। उपायुक्त ने इस मौके पर कहा कि लोहरदगा जिला में पर्व-त्यौहार बीते वर्षों से काफी अनुशासित और साहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाया जा रहा है। यहा के लोग आपसी सद्भाव, शांति और भाईचारा के पक्षधर हैं। ईद, चैती दुर्गा पूजा, श्रीरामनवमी का पर्व है। भगवान श्री राम का जन्म चैत माह में ही हुआ था।

उपायुक्त ने कहा कि सभी समितियां अपने-अपने शोभायात्रा के दौरान वॉलेंटियर्स तैनात रखें। उनके पास उनका पहचान पत्र हो। वॉलेंटियर्स का मोबाईल नंबर जिला प्रशासन के साथ अवश्य साझा करें, ताकि किसी भी समय संपर्क किया जा सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार समेत सभी कार्यपालक दंडाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी और शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### रामनवमी की शोभायात्रा में डीजे का नहीं हो इस्तेमाल : डीसी

डीजे का इस्तेमाल श्रीरामनवमी की शोभायात्रा में नहीं किया जाये। इससे वाहनों पर अत्यधिक संख्या में साउंड सिस्टम बांध दिये जाते हैं जिससे उसके उलटने का खतरा बना रहता है। अगर डीजे का इस्तेमाल कर भी लेते हैं, तो रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी परिस्थिति में उसे नहीं बजाया जाना चाहिए।

### सभी का सम्मान करें और हर्षोल्लास के साथ मनाएं पर्व-त्योहार : पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि लोग एक-दूसरे का सम्मान करें और हर्षोल्लास के साथ पर्व-त्योहार मनाएं। अपने माता-पिता के बताये अच्छी सीख को याद करें व उसका पालन करें। अगर आपके सामनेवाले से कोई छोटी-मोटी गलती हो जाती है तो उसे नजर अंदाज करें। आगामी सप्ताह में ईद, सरहुल, चैती दुर्गा पूजा, छठ व रामनवमी है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिन अखाड़ों को शोभायात्रा निकालनी है वे सभी अखाड़े अपना लाइसेंस प्राप्त कर लें। शोभायात्राओं में डीजे का इस्तेमाल नहीं करें। जो अपनी शोभायात्राओं में डीजे का इस्तेमाल नहीं करेंगे उन्हें जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया जायेगा।

### आपसी समन्वय को बेहतर बनाने के लिए यह बैठक : उप विकास आयुक्त

उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिहं शेखावत ने कहा कि लोहरदगा जिला पर्व-त्योहारों को शांति व साहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाने के लिए जाना जाता रहा है। कोई भी अखाड़ा अपने शोभा यात्रा में भड़काऊ गाने का इस्तेमाल नहीं करेंगे। कहीं अवैध रूप से अगर शराब बेची जा रही है तो उसकी सूचना अवश्य दें।

# प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर कटिया जंगल से गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** लातेहार पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर मुरारी भुइयां उर्फ छोटू उर्फ पप्पू उम्र 35 वर्ष पिता स्व. जगदीश भुइयां ग्राम बसरिया कलां, थाना चैनपुर, जिला पलामू को बड़ी कार्रवाई में गिरफ्तार किया है। जिसे लेकर छिपादोहर थाना परिसर में एसडीपीओ भरत राम और सीआरपीएफ के समादेष्टा वाई आर बुनकर ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। इस दौरान सर्किल इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह व सब इंस्पेक्टर रितेश कुमार भी मौजूद रहे। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक लातेहार कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह ऑपरेशन चलाया गया। सूचना थी कि जेजेएमपी के सक्रिय उग्रवादी कटिया जंगल के पास एकत्रित होकर किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। डीआईजी ऑप्स रेंज पलामू पंकज कुमार के निर्देश पर आर एफटी पलामू सीआरपीएफ और बरवाडीह अनुमंडल पुलिस की संयुक्त टीम का गठन किया गया। छापेमारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कटिया जंगल में साइनबोर्ड के पास दबिश दी। पुलिस को देखते ही उग्रवादी अपने हथियार और सामान लेकर भागने लगे। हालांकि, पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए एरिया कमांडर मुरारी भुइयां को धर दबोचा और अन्य उग्रवादी भागने में सफल हुए।

मुरारी भुइयां से सख्ती से पूछताछ में पता चला कि भागने वालों में जेजेएमपी के सब-जोनल कमांडर अखिलेश यादव, एरिया कमांडर बैजनाथ सिंह, विजय यादव, ध्रुव राम उर्फ ध्रुव और कैडर सदस्य बुतरू भुइयां उर्फ छोटू शामिल थे। पकड़े गये उग्रवादी ने बताया कि उसने भागते समय अपना हथियार बुतरू भुइयां को सौंप दिया था। अपराधों में शामिल होने की बात कबूली। मुरारी भुइयां ने खुलासा किया कि जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा के निर्देश पर वह अपने दस्ता के साथ लातेहार और पलामू जिलों में ठेकेदारों और व्यवसायियों से लेवी वसूली, आगजनी, फायरिंग, और हत्या जैसी घटनाओं को अंजाम देता था। उसने बोकाखाड़ (लातेहार) और हेरहंज में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ों में भी शामिल होने की बात स्वीकार की है।

**इन अपराधों में शामिल रहा है मुरारी भुइयां :** मुरारी भुइयां पहले भी कई मामलों में वांछित था। उस पर छिपादोहर थाना कांड संख्या 04/24, दिनांक 16.02.2024 के तहत आर्म्स एक्ट और सीएलए एक्ट की धाराएं दर्ज हैं।

लातेहार पुलिस की इस सफलता से क्षेत्र में उग्रवादी गतिविधियों पर बड़ा असर पड़ने की उम्मीद है। पुलिस अधीक्षक ने छापामारी दल की तत्परता और साहस की सराहना की है।

## विधायक प्रकाश राम ने किया क्षेत्र का भ्रमण



बालूमाथ (आजाद सिपाही)। लातेहार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक प्रकाश राम ने शनिवार को बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गनेशपुर पंचायत का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को जाना। जहां चमरेगा ग्राम स्थित हरिजन मोहल्ला में शिबू राम के घर के पास चापानल, हुंडराटांड़ में संजय राम के घर के पास चापानल, चमरेंगा गांव से गनेशपुर को जोड़ने वाले मुख्य सड़क सोतीबांध जीर्णोद्धार, गणेशपुर गांव में मंदिर, गणेशपुर स्कूल में डीप बोरिंग, खेराबांध नहर का जीर्णोद्धार समेत पीएम आवास एवं कई समस्याओं से अवगत हुए। जहां विधायक ने उनकी समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया। मौके पर विधायक प्रकाश राम ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा प्रयास है कि मैं प्रत्येक गांव-गांव जाकर जनता की समस्या को सुनकर और उसका समाधान कर सकूं। मौके पर कृष्णा यादव, अखिलेश भोक्ता, निर्मल यादव, विजय यादव, रविंद्र सिन्हा, राजेश तुरी समेत कई ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान विधायक ने चमातु समेत अन्य गांवों का भी विधायक ने दौरा किया और समस्याओं से अवगत हुए।

## बकरी पालन कर आत्म निर्भर बने किसान : राधा तिर्की



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत अन्तर्गत कंडरा स्थित पशु पालन अस्पताल के प्रांगण में झारखंड सरकार के कृषि व पशुपालन विभाग के निर्देशानुसार जिप सदस्य की उपस्थिति में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत ग्राम के ग्यारह किसानों के बीच बकरी का वितरण किया गया। जिप सदस्य राधा तिर्की ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि बकरी पालन कर किसिन आत्मनिर्भर बने सरकार किसानों का उत्थान के लिए विभिन्न तरह की योजनाएं चला रही है। कृषि के लिए सिंचाई कूप, बीज व खाद वितरण, गाय, बकरी, मुर्गी, बत्तख सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसान ये वृद्धि कर आत्मनिर्भर हो सकते हैं। वहीं पशुपालन योजना के तहत विक्रम गोप, केश्वर उरांव, चिंतु देवी, राजकुमार राम, दुखराम उरांव, संतरी उरांव, देवराम उरांव, बेनी देवी, जयराम उरांव सहित अन्य किसानों को 4 - 4 बकरी व एक-एक बकरा दिया गया। साथ ही जीप सदस्य द्वारा अन्य किसानों से अपील करते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अनुरोध किया गया। मौके पर जिप सदस्य राधा तिर्की, भ्रमणशील पशु चिकित्सक डॉ रोहित कुमार के अलावे बेनी देवी, देवाराम उरांव, जयराम उरांव, संतरी उरांव समेत अन्य किसान उपस्थित थे।

## हत्याकांड का खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने चार दिन पुर्व फेवीक्विक से युवक का होंठ, नाक चिपकाकर कुएं में डालकर हत्याकांड का उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में बालूमाथ थाना में प्रेसवार्ता आयोजित कर बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने बताया कि बालूमाथ के पिंडारकोम ग्राम में लुकुइयाटांड जंगल मे सरकारी कुंआ से शव बरामद हुआ था। जिसकी शिनाख्त चंद्रदेव यादव ग्राम पिंडारकोम थाना बालूमाथ निवासी के रूप में हुई थी। जिसकी जांच में पता चला कि चंद्रदेव यादव का प्रेम सबंध गांव के ही संतोष यादव की भतीजी के साथ था। शक के आधार पर संतोष यादव से मृतक चंद्रदेव यादव के बारे में कड़ाई से पूछताछ में पता चला कि संतोष यादव अपने भतीजा रोशन यादव, साला अरविंद यादव, सुधीर यादव, जुगेश्वर यादव चंद्रदेव यादव (मृतक) को जबरन उठाकर जंगल ले गये और उसकी निर्मम हत्या कर दिया और शक न हो इसलिये शव को कुंआ में डाल दिये। वहीं छापेमारी दाल में अमरेंद्र कुमार, एसआई रंजन कुमार, अनुभव सिन्हा, राजकुमार पांडे, अशोक कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

## पेड़ से गिर कर अधेड़ व्यक्ति घायल

सेन्हा-लोहरदगा। पेड़ से गिर कर अधेड़ व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे ग्रामीणों द्वारा 108 एंबुलेंस से घायल अवस्था में इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घटना सेन्हा थाना क्षेत्र के बुटी पंचायत ग्राम में शनिवार सुबह की है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि अधेड़ व्यक्ति ताड़ी चुआने के लिए तार पेड़ पर चढ़ कर सूखा तार पत्ता को हटाने का कार्य कर रहा था, जिससे अधेड़ व्यक्ति पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वही घायल का पहचान बिहार राज्य के गया जिला अंतर्गत बेलागंज थाना क्षेत्र के नंदुविगह ग्राम निवासी स्वर्गीय लगन चौधरी का 55 वर्षीय पुत्र जवाहर चौधरी के रूप में किया गया है।

## अलविदा जुम्मा की नमाज काली पट्टी लगाकर की गयी अदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा में अलविदा जुमे की नमाज के अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। यह नमाज इस्लामी कैलेंडर के आखिरी जुमे की नमाज है, जो रमजान के महीने से पहले आता है। इस अवसर पर लोगों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर नमाज अदा की और अल्लाह से अपने परिवार और समाज देश अमन चैन की की सलामती की दुआ की मांगी गई चंदवा जमा मस्जिद तिलैयाताड़ मेन रोड मदीना मस्जिद फातिमा मस्जिद शुक्र बाजार मस्जिद चकला मस्जिद बोडा मस्जिद हुचलू ब्राह्मणी समेत पूरे प्रखंड में अलविदा की नमाज पढ़ी गयी और ईद की नमाज को लेकर टाइम मुकर्रर किया गया। अलविदा जुमे की नमाज के दौरान कला बिल्ला लगाकर वक्फ बोर्ड के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन वक्फ बोर्ड की कथित अनियमितताओं और मुस्लिम समुदाय के हितों की उपेक्षा के विरोध में किया गया था।

## अविराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी में सरहुल और ईद मिलन समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार जिले के चंदवा प्रखण्ड में अविराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी में प्रकृति पर्व सरहुल और ईद मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रस्तुति के माध्यम से इन दोनों पर्वों के महत्व को दर्शाया। छात्रों ने नृत्य और भाषण के माध्यम से सरहुल और ईद के महत्व को साझा किया। उन्होंने बताया कि सरहुल प्रकृति की पूजा का पर्व है, जो हमें प्रकृति से जुड़े रहने और उसकी रक्षा करने की सीख देता है। वहीं, ईद भाईचारे और सौहार्द्र का पर्व है, जो समाज में प्रेम और एकता को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम के दौरान, अविराम संस्थान के सचिव इंद्रजीत भारती ने विद्यार्थियों को धर्मनिरपेक्षता और कर्म की प्रधानता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी एक समान हैं और हमें हर धर्म का सम्मान करना चाहिए। जीवन में कर्म को सर्वोच्च स्थान देना आवश्यक है और सही मार्ग पर चलना ही सफलता की कुंजी है। इस शुभ अवसर पर सचिव इंद्रजीत भारती द्वारा शिक्षकों और स्टाफ को उपहार वितरित किए गये। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई ही सबसे महत्वपूर्ण होती है। यह आयोजन सौहार्द, समरसता और प्रकृति प्रेम का संदेश लेकर आया, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्रेरणा मिलती है।

## एक दिवसीय समागम कार्यशाला आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** प्राइम मिनिस्टर स्कूल ऑफ राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) विद्यालयों के शिक्षकों, छात्रों, विद्यालय प्रबंध समिति और प्रशासकों का एक दिवसीय पीएम श्री समागम 2025 अंतर्गत भाषा महोत्सव, एफएलएन मेला एवं सभी हितधारकों का उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी 9 पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षक, छात्र, एसएमसी सदस्य और प्रशासक उपस्थित हुए। उन्मुखीकरण कार्यशाला में सभी

जिसमें पीएमश्री विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। नृत्य कला में प्रथम पीएमश्री विद्यालय जिन्गी, तृतीय पीएमश्री विद्यालय केजीविभि किस्को, द्वितीय पीएमश्री विद्यालय, नावाडीपाड़ा प्राप्त किया। जबकि संगीत, कहानी वाचन, रोल प्ले कला में प्रथम पीएमश्री विद्यालय, बिटपी, पीएमश्री केजीविभि, किस्को और तृतीय पीएमश्री सढ़ाबे ने प्राप्त किये। जिन्हें जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पेंटिंग्स अंतर्गत 2डी और 3डी पेंटिंग्स बनायी गयी। साथ ही विद्यालय प्रबंध समिति के कार्यों और उनके दायित्वों का पीएमश्री के संदर्भ में विस्तार पूर्वक प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। एफ एल एन मेला अंतर्गत विभिन्न प्रकार के टीएलएम का भी प्रदर्शनी भी लगायी गयी। पीएम श्री स्कूलों का चयन पारदर्शी चुनौतीपूर्ण पद्धति के माध्यम से किया जाता है, जिसमें स्कूल आदर्श स्कूल बनने के लिए सहायता हेतु प्रतिस्पर्धा करते हैं। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, विनय बंधु कच्छप, क्षेत्र प्रबंधक, आकाश कुमार, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, एमलीन सुरीन, लीगल एडवाइजर, जीतेंद्र मित्तल आदि सहित जिले के पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षक, छात्र और जिला कार्यालय के कर्मी उपस्थित हुए।

# बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में संचालित प्राइवेट विद्यालय की मनमानी जोरों पर, किताब के नाम पर जमकर हो रही लूट

रवि कुमार गुप्ता

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में संचालित प्राइवेट विद्यालय की मनमानी जोरो पर किताब के नाम पर जमकर हो रही लूट चिन्हित दुकान में परसेंटेज पर बेचा जा रहा है। किताब और अन्य सामग्री अभिभावकों की जेब हो रही भारी। जिले के उपायुक्त के निर्देश के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई। बरवाडीह के कई निजी स्कूलों की मनमानी कार्यप्रणाली से अभिभावकों को हर वर्ष भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसमें से कुछ स्कूल जहां बच्चों को स्कूल के अंदर से ही किताब और ड्रेस आदि लेने के लिए मजबूर करते हैं, तो कुछ स्कूल बरवाडीह शहर के एक-दो चुनिंदा किताब से सांठ-गांठ कर अभिभावकों को इन्हीं दुकानों से किताब खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। हर वर्ष इन स्कूलों के द्वारा सिलेबस भी बदल दिए जाते हैं। ऐसे में पुरानी किताबें एक ही घर के बच्चे आगे-पीछे की कक्षाओं में होने के बाद भी उपयोग नहीं कर पाते। किताबों के अलावा निजी स्कूलों में टाई, बेल्ट, ड्रेस, जूते-मोजे, बैच, ब्लेजर खरीद पर भी खुलेआम कमीशन का खेल चलता है। इनके लिए भी स्कूलों की तरफ से दुकानें निर्धारित हो जाती हैं। वही चुनिंदे दुकानों पर अभिभावकों को अधिक मूल्य पर सभी समान बेचे जाते हैं। अभिभावक भी बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखकर स्कूल के खिलाफ कुछ नहीं बोलते। वहीं शिक्षा विभाग का यह तर्क होता है कि, अभिभावकों की तरफ से शिकायत नहीं मिलती, शिकायत मिले तो कार्रवाई की जायेगी। शिक्षा विभाग प्राइवेट पब्लिशर्स की किताबें हटाने को लेकर कोई ठोस पॉलिसी तैयार नहीं कर पाया है। प्रशासन के आला अधिकारी आंखें बंद किए हुए हैं। लोगों का मानना है कि प्राइवेट स्कूल प्रबंधकों के खिलाफ विभाग के अधिकारी कोई भी कार्रवाई करने से डर रहे हैं। उधर शहर के प्राइवेट बुकशॉप को अभी तक नये सत्र से निजी पब्लिशर्स की जगह एनसीईआरटी किताबें लागू करने संबंधी कोई निर्देश भी जारी नहीं किये गये हैं।

**एनसीइआरटी की किताबों में नहीं रुझान अभिवावकों की जेब भारी :** अधिकांश निजी स्कूल संचालक राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीइआरटी) की किताबें मंगाने में रुचि नहीं दिखाते। बरवाडीह प्रखंड में करीब तीन दर्जन से अधिक निजी विद्यालयों में से 80 फीसदी विद्यालयों में निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें पढ़ाई जाती हैं। इन किताबों की कीमत एनसीइआरटी से कई गुणा अधिक होती हैं। अभिभावक बच्चों के भविष्य को लेकर ज्यादा विरोध नहीं कर पाते।

**लाखों में चलता है कमीशन का खेल :** एनसीआरटी की किताबों में पुस्तक विक्रेताओं को मात्र 15 से 20 फीसद ही कमीशन मिलता है। जबकि अन्य प्रकाशकों से 30 से 40 फीसदी तक कमीशन देते हैं। इसके अलावा स्टेशनरी के ऑफर अलग मिलते हैं। एक पुस्तक विक्रेता ने बताया कि, इस मोटे कमीशन के लालच में स्कूल संचालक प्रकाशकों से सीधा डील कर सीधे स्कूलों में ही किताबें मंगा लेते हैं जिससे पुस्तक विक्रेताओं को मिलने वाली पांच से दस फीसदी का कमीशन भी निजी स्कूलों को मिलता है। या फिर स्कूल द्वारा निर्धारित किए गए पुस्तक विक्रेताओं से अपना कमीशन प्राप्त करते हैं। प्रतिवर्ष होने वाले इस खेल में ही स्कूल संचालकों को लाखों का फायदा होता है।

### मामले पर क्या कहते है बीइइओ

मामले को संज्ञान में लेते हुए बीईईओ नागेंद्र सिंह ने कहा कि प्राइवेट स्कूल संचालकों को पुस्तकों को लेकर पहले भी रूटीन में गाइड लाइन जारी किया जा चुका है। जल्द ही फिर से सभी स्कूलों को लेटर जारी किया जायेगा। शिक्षा विभाग पूरी स्थिति पर नजर बनाये हुए है अगर स्कूल इस तरह के कार्यों में संलिप्त पाये गये तो कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## मनिका में पीट-पीट कर वृद्ध की हत्या

**मनिका । थाना क्षेत्र के नामुदाग पंचयात के कुटमू गांव में रामधारी भुइयां उम्र 60वर्ष को पीट-पीट कर मार दिया गया। मृतक के पुत्र राजदेव भुइया ने बताया कि शुक्रवार के संध्या लगभग 7:00 बजे गांव के ही निर्मल भुइयां हमारे पिता रामधारी भुइयां को हमारे घर से बुलाकर अपने घर ले गया था। जब रात भर हमारे पिता घर नहीं आये तो सुबह हमारे घर के परिजन हमारे पिता को खोजने निर्मल भुइयां के घर गये, तो वहां देखा की हमारे पिता को मार कर दोनों पैर रस्सी से बांधकर टांग दिया है। इसके बाद घर के परिजनों ने सारी घटना के बारे में हमको बताया, तब हम जाकर अपने पिता को घायल अवस्था में मनिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये, जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया।**

## परिवार नियोजन के बारे में स्वास्थ्य सहियाओं को दिया गया प्रशिक्षण



**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में परिवार नियोजन का प्रशिक्षक बिटीटी के द्वारा स्वास्थ्य सहियाओं को परिवार नियोजन के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। परिवार नियोजन का प्रशिक्षक बिटीटी उषा किरण तिर्की द्वारा परिवार नियोजन का प्रशिक्षण देते हुए सभी सहियाओं को परिवार नियोजन एप्प के माध्यम से फैमली प्लानिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। वहीं परिवार नियोजन का प्रशिक्षक बिटीटी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि जबरन गर्भपात कराना या भ्रूण हत्या करना कानून अपराध है। साथ ही परिवार नियोजन से संबंधित अन्य जानकारियां दी गयी। मौके पर शकुंतला देवी, पारसमनी उरांव, गांधारी देवी, पार्वती देवी, नीलम माधुरी,शिला उरांव, ललिता शुक्ला,साहिना परवीन, सीमा उरांव, नूरजहां खातून, कुंती उरांव, बिंदु कुजूर समेत प्रखंड क्षेत्र की सैकड़ों स्वास्थ्य सहिया उपस्थित थे।

## निर्देश : पलामू डीसी और एसपी में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक

# सीसीटीवी और ड्रोन से होगी शहर-ग्रामीण क्षेत्रों के जुलूस मार्ग की निगरानी: उपायुक्त

## जिले में विधि व्यवस्था सुदृढ़, बरते जा रहे एहतियायत : पुलिस अधीक्षक

## भड़काऊ गाने नहीं बजाने और साउंड को नियंत्रण में रखने की अपील

**कहा- शांति, समाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारा बनायें रखना सभी की जिम्मेवारी**

आजाद सिपाही संवाददाता


जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक में मौजूद डीसी शशि रंजन, एसपी एवं अन्य।

**मेदिनीनगर।** पलामूवासियों की सामूहिक भागीदारी से त्योहार में शांति व्यवस्था कायम रहेगी। विधि व्यवस्था संधारण में प्रशासन को मदद मिलेगी। शांति और भाईचारा जिले की पहचान है। रामनवमी, ईद-उल फितर एवं सरहुल पर्व के मद्देनजर जिले में सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारा बनाए रखने की आवश्यकता है। संयमित और अनुशासित तरीके से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में उल्लासपूर्वक त्योहार मनाएं। प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है और तत्परता के साथ कार्य कर रही है। सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। दंडाधिकारी एवं पुलिस बलों की तैनाती कर दी गयी है। ड्रोन, सीसीटीवी के अलावा सादे लिबास में भी प्रशासन निगरानी कर रही है। किसी भी तरह का उपद्रव व अफवाह फैलाने वाले असमाजिक और अराजक तत्वों के विरूद्ध सख्त-से-सख्त कार्रवाई की जाएगी। उक्त बातें पलामू डीसी शशि रंजन ने कही। वे शनिवार को रामनवमी, ईद-उल फितर एवं सरहुल के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। डीसी एवं एसपी की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक स्थानीय पं दीनदयाल उपाध्याय समृति नगर भवन में आयोजित की गई। डीसी एवं एसपी ने संयुक्त रूप से सभी से सामाजिक समरसता, भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। डीसी ने कहा कि दूसरे जिले एवं राज्यों की घटित घटनाओं एवं पूर्व की घटनाओं से कोई सरोकार ना रखें। उन्होंने समिति के सदस्यों के अनुरोध पर आश्वस्त किया कि जुलूस मार्ग वाले क्षेत्रों में ही बिजली बाधित करने की कोशिश की जाएगी। हालांकि उन्होंने पूर्व की घटनाओं के दृष्टिगत यह भी कहा कि आमलोगों की सुरक्षा उनकी पहली प्राथमिकता है। डीसी ने त्योहार के मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पंचायत समिति एवं रोजगार सेवकों को भी टैग करते हुए निरीक्षण करने का निर्देश दिया। बैठक में आमलोगों की सुरक्षा, जुलूस मार्गो की सुरक्षा ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी, अफवाहों की रोकथाम, सुगम यातायात व्यवस्था, भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक, बिजली व्यवस्था, स्वास्थ्य, सफाई, पेयजलापूर्ति, सोशल मीडिया के सद्उपयोग आदि सुविधाओं को लेकर चर्चा की। वहीं भड़काउ या अश्लील गानों के प्रसारण के रोकथाम पर बल दिया। रामनवमी और मोहर्रम इंतजामिया कमेटी, मुहर्रम अखाड़ा समिति, सरहुल समिति के सदस्यों, मीडिया कर्मियों आदि ने भी प्रशासन को कई सुझाव दिए। इस अवसर पर एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि पूरे जिले में विधि व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। पुलिस एवं जिला प्रशासन की संयुक्त प्रयास से विशेष एहतियायत एवं निगरानी बरती जा रही है। प्रशासनिक टीम अलर्ट मोड में है। कहा कि त्योहार के मद्देनजर धैर्य का परिचय दें और एक-दूसरे के साथ त्योहार की खुशियां बांटें। उन्होंने जुलूस निर्धारित मार्ग पर ही निकालने की अपील की। कहा कि जुलूस मार्ग एवं अन्य चिन्हित स्थानों पर सीसीटीवी से भी नजर रखी जा रही है। त्योहार के मद्देनजर सभी जगहों से फ्लैग मार्च निकाली जाएगी। उपद्रवी एवं असमाजिक तत्वों पर प्रशासन की टीम पूरी सख्ती बरतेगी। त्योहार के मद्देनजर जिला बल के अतिरिक्त सीआरपीएफ जवान की भी तैनाती की जा रही है। हीं होमगार्ड के जवान भी लगाये गयें हैं। पुलिस अधीक्षक ने रामनवमी एवं सरहुल समिति के सदस्यों से त्योहार समाप्ति के उपरांत झंडा को सम्मान तरीके से उतरवाने की भी अपील की। वहीं, डीसी शशि रंजन ने कहा कि त्योहार के मद्देनजर वाट्सएप, फेसबुक सहित सोशल मीडिया मीडिया पर प्रशासन की पैनी नजर है। किसी शरारती या असामजिक तत्वों द्वारा अफवाह फैलाने की कोशिष करने की स्थिति में संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीसी ने सोशल मीडिया के एडमिन से सावधानी पूर्वक प्रयोग करने एवं इसके दुरूपयोग से बचने की अपील की है। कहा कि भ्रामक और अपुष्ट खबरों का सत्यान प्रशासन से जरूर कराएं, ताकि जिले में सामाजिक सौहार्द का वातावरण बना रहे।

### घर की छत और सड़क पर न रखें बिल्डिंग मैटेरियल

**डीसी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के छत पर या जुलूस मार्ग पर किसी तरह की बिल्डिंग मैटेरियल नहीं रहना चाहिए। इसे संबंधित व्यक्ति खुद हटवाना सुनिश्चित करें, नहीं तो प्रशासन की ओर से इसे हटवाने की कार्रवाई की जाएगी। रामनवमी, ईद और सरहुल को लेकर मेदिनीनगर नगर निगम ने भी तैयारी की है। नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने बताया कि ईद को लेकर ईदगाह एवं मस्जिद के समीप पानी टैंकर से जलापूर्ति की व्यवस्था की जा रही है। वहीं रामनवमी की जुलूस को लेकर पेयजल एवं चलंत शौचालय की व्यवस्था की गई है, जो शहर के विभिन्न स्थानों पर रहेगी। शहर की सफाई व्यवस्था एवं स्ट्रीट लाइट, लाइट को सुदृढ़ किया गया है। सड़क के किनारे से बिल्डिंग मैटेरियल एवं कचरा का निस्तारण की व्यवस्था की गई है। नालियों की साफ-सफाई निरंतर जारी है। ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी किया जा रहा है। रामनवमी जुलूस के दिन शहर में विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। इसे लेकर नगर निगम की ओर से अलग-अलग स्थानों पर जेनरेटर की व्यवस्था की गई है।**

**इस मौके पर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार सहित जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी, अंचल अधिकारी, बीडीओ, मेदिनीनगर जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य आदि मौजूद रहे।**

### एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की व्यवस्था

त्योहार के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग की ओर से एंबुलेंस की तैनाती की जाएगी। साथ ही एंबुलेंस को थानों से टैग किया जाएगा। चालक का नाम और नंबर नजदीकी थाना में रहेगी, ताकि समस्या होने पर संबंधित को तत्काल संबंधित अस्पताल तक पहुंचाया जा सके। एंबुलेंस चालकों से भी अपील की गयी है कि वे अपने एंबुलेंस पर ही रहें। एंबुलेंस छोड़कर यत्र-तंत्र नहीं रहें। डीसी ने स्वास्थ्य केंद्रों को खोलने का निर्देश दिया है, ताकि प्राथमिक उपचार कराया जा सके। कहा कि कुछ निजी अस्पतालों को भी चिन्हित किया जा रहा है। डीसी-एसपी ने कहा कि जुलूस वाले क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड की वाहन एवं टीम भी रहेगी। डीसी ने कहा कि त्योहार के मद्देनजर नियंत्रण कक्ष बनाया जा रहा है। इसके नोडल पदाधिकारी अपर समाहर्ता होंगे।

# विधायक के प्रयास से कररबार जलाशय में सोन नदी से पानी लिफ्टिंग योजना स्वीकृत

**हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष ने विधायक संजय सिंह यादव का जताया आभार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने हजारों किसानों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने पर शनिवार को पुरंदरबीघा स्थित विधायक सह राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के आवास पहुंचकर उनका स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। बतातें चलें कि हुसैनाबाद प्रखंड के किसानों की लंबे समय से मांग थी कि कररबार जलाशय में सोन नदी से पानी लिफ्टिंग योजना को मंजूरी मिले। यह योजना वर्षों से लंबित थी, लेकिन अब स्थानीय विधायक संजय सिंह यादव ने विधानसभा के मौजूदा सत्र में इसे पारित कराकर किसानों के सपनों को साकार कर दिया है। इस योजना के लागू होने से हुसैनाबाद के पूर्वी क्षेत्र के लगभग 90 गांवों की पांच हजार एकड़ भूमि की सिंचाई संभव हो सकेगी, जिससे वहां के किसान स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनेंगे। इस उपलब्धि पर हुसैनाबाद क्षेत्र के किसानों एवं गणमान्य व्यक्तियों में भारी उत्साह है। राजेश्वर यादव, प्रमोद सिंह, यमुना यादव, रामलखन यादव, पुजारी जी, विनोद यादव, श्यामविहारी पासवान, बृजमोहन पासवान, जितेंद्र यादव आदि ने विधायक के इस अभूतपूर्व प्रयास की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया।

## अव्वल विद्यार्थी किये गये पुरस्कृत



**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। चैनपुर स्थित गुरुकुल विद्या निकेतन आवासीय विद्यालय में शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल का प्रकाशन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संरक्षक अविनाश वर्मा व अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव उपस्थित थे। कक्षा द्वितीय में प्रथम स्थान मंदीप कुमार, कक्षा छह में प्रथम खुशी कुमारी रहीं। जबकि कक्षा 7वीं में प्रथम प्रीति कुमारी रहीं। इस अवसर पर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने अपने वर्ग में प्रथम स्थान पाने वाले बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया। बच्चों को उत्साहित करते हुए बताया कि परीक्षाफल का दिन उत्साहवर्धक होता है क्योंकि पूरे वर्ष की मेहनत का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से फल मिलता है। वहीं विद्यालय के प्रबंध निदेशक सिकंदर आजम ने कहा कि हम अपने छात्रों के उच्च प्रदर्शन से बहुत खुश है। यह उनकी मेहनत और लगन का फल है।**

## अजाप्टा शिक्षकों ने एमएसीपी की मांग सदन में रखने पर विधायक का जताया आभार



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों को बिहार की तर्ज पर एमएसीपी देने की मांग को विधानसभा के बजट सत्र में ध्यानाकर्षण के माध्यम से उठाये जाने और शिक्षा मंत्री के सकरात्मक उत्तर से खुश अजाप्टा के शिक्षकों ने राजद प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक संजय सिंह यादव को उनके पुरंदर बिगहा स्थित आवास पर जाकर फूलमाला देकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। विदित हो कि विधायक ने सदन में कहा कि झारखंड सरकार द्वारा प्रांरभिक शिक्षकों की प्रोन्नति नियमावली में बिहार सरकार की नियमावली को ही अंगीकृत किया गया है। बिहार सरकार ने अपने राज्य में पदस्थापित प्रांरभिक शिक्षकों को एमएसीपी की स्वीकृति दे दी है। झारखंड में भी प्रभारी सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की अध्यक्षता में वित्त और कार्मिक के अधिकारी के साथ शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों की बैठक भी हुई थी, जिसमें विभाग द्वारा शिक्षकों को एमएसीपी लागू करने से उत्पन्न अतिरिक्त भार भी आकलन कर लिया है। लेकिन अभी तक सरकार द्वारा प्रांरभिक शिक्षकों को एमएसीपी की स्वीकृति से संबंधित प्रक्रिया पूर्ण कर संकल्प जारी नहीं किया गया है जिससे झारखंड में कार्यरत प्रांरभिक शिक्षकों को बिहार सरकार में कार्यरत शिक्षकों की तरह एमएसीपी का लाभ नहीं मिल पा रहा है। विभागीय रुटीन वर्क के तहत जिलों में शिक्षकों को प्रोन्नति नहीं मिल रही है। टाइम बाउंड प्रमोशन से भी वंचित है। मौके पर अजाप्टा जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार दूबे, पलामू प्रमंडल के सोशल मीडिया प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता, चक्रवर्ती सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, चंचल कुमार, हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी, सचिव निर्मल कुमार, कोषाध्यक्ष जितेंद्र राम और अंगद प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# 15 हजार रिश्वत देने के बाद भी अबुआ आवास के लाभ से वंचित

रंजीत पांडेय



**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी अबुआ आवास योजना रिश्वतखोरी की भेंट चढ़ रहीं हैं। ऐसा ही मामला चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के ओड़नार गांव में देखने को मिला है। यहां की रहने वाली संगीता देवी ने अबुआ आवास योजना में 15 हजार रुपए रिश्वत लेने का आरोप लगाया हैं। संगीता देवी और उसके पति राजू ठाकुर का आरोप है कि हरिनामाड़ निवासी विजय तिवारी ने अबुआ आवास योजना में लाभ दिलाने के नाम पर 15 हजार रुपए रिश्वत ली है। कहा कि ब्लॉक ऑपरेटर को बिना पैसे दिये काम नहीं करवाया जा सकता है। लाभुक ने कहा कि 15 हजार रुपए कर्ज लेकर विजय तिवारी को दिया। लेकिन अब तक अबुआ आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया हैं। इस बाबत विजय तिवारी से बात करने पर वह केवल झूठा आस्वासन दे रहा है। पीड़िता ने कहा कि मेरे पति राजू ठाकुर शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं फिर भी बिचौलिया विजय तिवारी ने अबुआ आवास के नाम पर 15 हजार रुपए रिश्वत भी ले लिया और अबुआ आवास का लाभ भी नहीं दिलवाया। गौरतलब हैं कि वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस योजना की शुरूआत की थी। लेकिन राज्यवासियों को इसका सही से लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# बहन-बेटियों के साथ अत्याचार बर्दाश्त नहीं: शशिभूषण



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** सनतनियों के साथ अगर मुस्लिम समुदाय को लोग अत्याचार करेंगें तो बर्दाश्त नहीं करूंगा। हिन्दुओं की बहन-बेटियों को प्यार के जाल में फंसाकर धर्म परिवर्तन करवाना मेरे रहते कभी नहीं होगा। उक्त बाते पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कही। वे शनिवार को पांकी थाना परिसर में पत्रकारों से बातें कर रहे थे। बताते चले की पांकी प्रखंड के सकलदीपा पंचायत के सकलदीपा निवासी इम्तियाज अंसारी ने पूजा कुमारी (बदला हुआ नाम) बिहार के जहानाबाद से इंस्ट्राग्राम से प्यार के जाल में फंसाकर और बहला फुसलाकार दो-तीन दिनों से अपने घर पर रखा था। धर्म परिवर्तन कर निकाह की तैयारी चल रही थी। इसी बीच हिन्दू ग्रामीणों को सूचना मिली तो थाना को सूचित किया। पांकी पुलिस तत्काल लड़का-लड़की को थाने आयी। दूसरी ओर मनातू थाना के रंगेया दिलावर खान ने नाबालिक युवती का अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड कर दिया। युवती को जबरन शादी का दबाव बनाया जा रहा था। जिससे युवती ने मानसिक तनाव में आत्महत्या कर ली। विधायक ने आरोपी को अविलंब गिरफ्तार करने को कहा। कहा कि अमानवीय और शर्मनाक घटना की कड़ी निंदा करता हूं। बेटियों की गरिमा, सम्मान और सुरक्षा से खिड़वाड़ बर्दास्त नहीं करूंगा। मौके पर प्रो बचन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, मिंटी वर्मा, वीरेंद्र मेहता, सुनील कुशवाहा, लाला यादव, सुनील प्रसाद गुप्ता, मंटू शर्मा, संस्कार सोनी, रामचरित्र सिंह आदि थे।

## रामचरितमानस परायण यज्ञ को लेकर निकाली जलयात्रा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला श्री महावीर मंदिर प्रबंधन समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीश्री रामचरित मानस परायण यज्ञ को लेकर शनिवार को जलयात्रा निकाली गयी। जिसकी शुरूआत महावीर जी भवन परिसर से हुई। परंपरागत ढ़ोल-बाजे के साथ काफी संख्या में शामिल लोग जय श्रीराम, जय हनुमान के जयकारे लगाते हुए अंबेडकर चौक, पटेल चौक, हैदर नगर रोड, मधुशाला रोड, पुरानी बाजार, रविदास नगर आदि प्रमुख चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए देवरी सोन नदी तट पहुंचे। जहां पुजारी सह यज्ञाचार्य गोपाल पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलभरी की प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद लोग जल लेकर महावीर मंदिर पहुंचे, जहां विधिवत कलश पूजन की गयी। 30 मार्च से छह अप्रैल तक यज्ञ आयोजित होगा। इस दौरान कथावाचक श्री लक्ष्मण जी महाराज शाम सात बजे से प्रवचन देंगें। इस मौके पर मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह, सचिव उत्तम कुमार, राजीव कुमार ठाकुर, आरएसएस के जिला संघ चालक दिनेश प्रसाद कश्यप, लोकनाथ केशरी, उदयनाथ विश्वकर्मा, पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार, रामेश्वर राम, पूर्व नपं उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, देवेन्द्र नाथ गुप्ता, श्रवण कुमार, कृष्ण मुरारी आदि मौजूद थे।

## नवाह्न परायण महायज्ञ को लेकर सिद्धपीठ योगीवीर मंदिर परिसर से निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद के प्रमुख कस्बा रेहला स्थित सिद्धपीठ योगीवीर मंदिर परिसर से वासंतिक नवरात्र एवं श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ के 19वें अधिवेशन को लेकर शनिवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि ग्रासीम इंडस्ट्रीज के संस्थान प्रमुख हितेंद्र अवस्थी के अलावा आरसीयू के कुलाधिपति सह भाजपा के प्रादेशिक नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी आदि शामिल हुए। बाजे- गाजे के साथ महावीरी झंडे लिये नव परिधान में श्रद्धालुओं के साथ 501 कलश माथे पर लिये महिला- पुरुष, युवक- युवतियां शामिल थी। ज्ञाचार्य पंडित प्रमोद पांडेय व मंदिर के पुजारी आलोक पाठक की अगुआई में निकली कलश यात्रा शहर के स्टेशन रोड, थाना चौक होते हुए कोयल नदी पहुंची। गंगा पूजन के बाद सभी श्रद्धालुओं ने अपने- अपने कलश में मंत्रपूजित जल भरकर पुनः मंदिर परिसर पहुंचे। जहां श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोचारण के बीच यज्ञशाला परिसर में अपना कलश स्थापित किया। रविवार की सुबह अरनी मंथन के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवनकुंड में अग्नि प्रवेश कराने के साथ महायज्ञ का शुभारंभ होगा। जो छह अप्रैल को हवन के उपरांत महाप्रसाद वितरण के साथ सम्पन्न होगा। महायज्ञ कमेटी के अध्यक्ष श्यामकिशोर चंद्रवंशी ने बताया कि रविवार की शाम से वाराणसी से आये मानस मर्मज्ञ श्री श्री 1008 स्वामी मारुति किंकर जी महाराज का संगीतमय प्रवचन प्रारंभ होगा। कलश यात्रा में रेहला थानाप्रभारी संतोष कुमार, वरीय भाजपा नेता डॉ डीपी शुक्ला, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, डॉ बीपी शुक्ला, ग्रासीम के जनसंपर्क प्रबंधक विकास कुमार, अनिल गिरी, प्रमोद दीक्षित, मंगल गुप्ता, अशोक तिवारी, ज्वाला गुप्ता, विजय दीक्षितऔर छोटन सिंह आदि शामिल हुए।

## दो दुकानों में लगी आग

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शहर में आग लगने की घटनाएं लगातार हो रही है। ताजा मामला कोहिनूर मैदान में घटित हुई। जहां फॉर्म विक्रेता की दो दुकानों में आग लग गई। इसकी सूचना पाकर पहुंची अग्निश्मन विभाग ने आग पर काबू पा लिया। जानकारी के मुताबिक स्टांप टिकट फॉर्म आदि के विक्रेता निर्मल सिंह और एके पांडा की दुकान में आग लगी है। इस घटना में निर्मल सिंह के दुकान में रखे कई फॉर्म और जरूरी कागजात जल गए। टिकट और स्टांप साथ ले जाने की वजह से जलने से बच गये। वहीं, एक अन्य विक्रेता एके पांडा की दुकान जलने से बच गयी। उनकी दुकान की छत का कुछ ही हिस्सा जला। बता दें कि यहां दर्जन भर टिकट स्टांप की दुकाने हैं। साथ ही कई वेंडर भी रहते हैं। समय रहते आग पर काबू पा लिए जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## आदित्य बाल विद्या मंदिर में अभिभावक-शिक्षक संवाद का आयोजन

# उचित शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार : हितेंद्र


आजाद सिपाही संवाददाता



टॉपर्स को पुरस्कृत करते इकाई प्रमुख।

**विश्रामपुर/पलामू।** रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज के सीएसआर विभाग की ओर से आदित्य बाल विद्या मंदिर प्रांगण में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संवाद समारोह का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन ग्रासिम इंडस्ट्रीज के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी, प्रधानाध्यापक बृज किशोर शुक्ला, ग्रासिम जनसंपर्क प्रबंधक विकास कुमार और सीएसआर के अनिल गिरि ने संयुक्त रूप से किया। हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि उचित शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार है। जिससे बच्चों को कतई वंचित नहीं किया जाना चाहिए। हमारा प्रयास है कि समाज के हर वर्ग के बच्चों को समुचित शिक्षा मिले। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही गांव-समाज के पिछड़ेपन को दूर किया जा सकता है। शिक्षा की रौशनी से ही समाज में फैले विभिन्न प्रकार की भ्रांतियों को मिटाया जा सकता है। इसके लिये हम सब को जिम्मेवारी पूर्वक सामूहिक प्रयास करना होगा। ताकि हमारे आसपास कोई भी बच्चा शिक्षा से अछूता ना रहे। उन्होंने विद्यालयों में अभिभावक शिक्षक-संवाद की जरूरत पर भी बल दिया। कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावक एवं शिक्षक के बीच लगातार संवाद होते रहना आवश्यक है। कहा कि आदित्य बाल विद्या मंदिर को एक आदर्श विद्यालय के रूप में स्थापित करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने सभी कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया। मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्राएं, सीएसआर के सामाजिक कार्यकर्ता आदि मौजूद थे।

## समाजसेवी ने आपूर्ति विभाग से मांगी जानकारी



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी रविंद्र पासवान ने सूचना के अधिकार के तहत जन सूचना सह जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर कई जानकारी मांगी है। अधिनियम 2005 के तहत वर्ष 2024/25 में हरिहरगंज गोदाम से प्रति माह गेहूं और चावल उठाव के दौरान दो अज्ञात व्यक्ति एजीएम के पास क्यों बैठे रहते हैं। रविंद्र का आरोप है कि एजीएम के पास रहने वाले दोनों बिचौलिया हैं जो हर माह अनाज की कालाबाजारी की ताक में लगे रहते हैं। पूछे जाने पर वे दोनों खुद को ट्रांसपोर्टर बताते हुए गोदाम से खाद्यान्न उठाकर पीडीएस डीलरों के दुकान तक पहुंचाने की बात कहते हैं। उन्होंने ट्रांसपोर्टर का नाम, डोर स्टेप डिलेवरी के लिए स्वीकृत वाहनों की सूची देने, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पीडीएस डीलरों के लिए हर माह का प्राप्त कुल आबंटन की जानकारी मांगी है। साथ ही उन्होंने डीलरों द्वारा कार्डधारियों से एक माह पहले ही ईपॉश मशीन पर अंगूठा लगाने के बाद प्रति यूनिट पांच किलो की जगह आधा किलो कम अनाज देने का मामला उजागर किया है। उन्होंने प्रत्येक माह करीब 100 क्विंटल चावल-गेहूं की हेराफेरी करने की बात कही है। साथ ही ईपॉश मशीन पर अंगूठा लगाने के बाद भी कार्डधारियों को पर्ची नहीं देने, गोदाम से अनाज उठाव के बाद पीडीएस दुकानों का भौतिक सत्यापन नहीं करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के प्रायः सभी गांवों में पीडीएस डीलरों द्वारा राशन वितरण में गड़बड़ी की जाती है। बावजूद इसके अधिकारियों द्वारा ना तो कभी संज्ञान लिया गया ना ही कोई कार्रवाई की जाती है। जब कभी भी लाभुक कार्डधारियों की ओर से शिकायत की जाती है तो आरोप बेबुनियाद और निराधार बताकर मामले को दबा दिया जाता है।

